आज समाज 04/11/2025

# जीएमएन कालेज में फ्रेशर्स पार्टी का किया आयोजन



स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए। आज समाज

**आज समाज नेटवर्क**

अंबाला। गाँधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग एवं बिजनेस एंड मैनेजमेंट विभाग द्वारा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत हेतु 1 नवंबर आरंभ शीर्षक से फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज परिसर में एक परिचयात्मक और मैत्रीपूर्ण मिलन समारोह के रूप में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सभी अध्यापकों और सीनियर विद्यार्थियों ने नवागंतुक विद्यार्थियों से परिचय किया और उन्हें कॉलेज की शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में मार्गदर्शन दिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को उनके नए आरंभ के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया: मिस चार्मिंग तनवी (एमबीए), मिस्टर हैंडसम कुलजोत (बीबीए), मिस फ्रेशर श्रेया (बीसीए), मिस्टर फ्रेशर गौरव (एमबीए), मिस पर्सनैलिटी जसप्रीत (एमबीए), मिस्टर पर्सनैलिटी आशुतोष (एमबीए), मिस बेस्ट ड्रेस खुशी (बीसीए), मिस्टर बेस्ट ड्रेस विग्यान (बीबीए) रहा। उत्साह, मनोरंजन और सौहार्द से परिपूर्ण यह आयोजन नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए एक यादगार शुरूआत साबित हुआ।